राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/2046/2023 दिनांकः–20 जुलाई, 2023

अति आवश्यक / समयबद्ध

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः–पौधारोपण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या–357/81–5–2023 दिनांक 13.07.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। (प्रति संलग्न)

उपर्युक्त शासनादेश में सत्र 2023–24 में 35 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें राज्य के अन्य विभागों के साथ–साथ उच्च शिक्षा विभाग भी सम्मिलित है।

उपर्युक्त 35 करोड़ में से 30 करोड़ का पौधारोपण 22 जुलाई, 2023 एवं 5 करोड़ का पौधारोपण 15 अगस्त, 2023 को किया जाना निर्धारित किया गया है। पूर्व से ही इस हेतु क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा द्वारा निम्नानुसार नोडल अधिकारी जनपदवार नामित किये गये है :–

क्र0सं0	जनपद	अधिकारी का नाम व पता
1	अलीगढ़	प्रो0 चन्द्रवीर सिंह , राजकीय महाविद्यालय, खैर, अलीगढ़।
2	एटा	प्रो0 बी0बी0एस0 परिहार, जे0एल0एन0, एटा।
3	हाथरस	प्रो0 एम0एस0 छोंकर, प्राचार्य, पी0सी0 बाग्ला महाविद्यालय, हाथरस।
4	कासगंज	प्रो0 अफरोज आलम, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कासगंज।

मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारी एवं प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा भी पौधारोपण हेतु विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये जा चुके है तथा दिनांक–22.07.2023 व 15.08.2023 को पौधारोपण को एक उत्सव के रूप में क्रियान्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

पौधारोपण पर जोर देते हुये मा0 उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 17.07.2023 को प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के कुलसचिव व अन्य अधिकारियों की बैठक बुलाकर कठोर निर्देश दिये गये है कि दिनांक 22.07.2023 व 15.08.2023 को पौधारोपण हेतु जो लक्ष्य जिस महाविद्यालय को दिया गया है उसके अनुसार पौधारोपण किया जाये, इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाये।

Scanned with CamScanner

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

उपर्युक्त निर्देशों के अनुपालन में आपसे अपेक्षा की जाती है कि पौधारोपण को बहुत गम्भीरता से लिया जाये तथा जिन महाविद्यालयों को जितने पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है, उसका अक्षरश पालन किया जाये।

भवदीय,

20/7/23

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी, आगरा/अलीगढ़।
2. प्रो0 चन्द्रवीर सिंह, नोडल अधिकारी, राजकीय महाविद्यालय, खैर, अलीगढ़।
3. प्रो0 बी0बी0एस0 परिहार, नोडल अधिकारी, जे0एल0एन0, एटा।
4. प्रो0 एम0एस0 छोंकर, नोडल अधिकारी, प्राचार्य, पी0सी0 बाग्ला महाविद्यालय, हाथरस।
5. प्रो0 अफरोज आलम, नोडल अधिकारी, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कासगंज।
6. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
7. प्रभारी वेवसाईट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगईन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।

6\. गार्ड फाईल।

20.07.23

सहा0 कुलसचिव

PG latter

Scanned with CamScanner